# अग्निशमन सेवाओं का आधुनिकीकरण

हाल ही में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (National Disaster Response Fund- NDRF) के तहत **"राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण की योजना"** शुरू की है।

## राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण की योजना:

- **परिचय:**
  - इस योजना की शुरुआत पंद्रहवें वित्त आयोग (XV-FC) की सिफारिश से हुई, जो विभिन्न प्रकार की तैयारियों तथा क्षमता निर्माण के वित्तीयन के लिये NDRF एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) में से प्रत्येक के लिये 12.5% के आवंटन का प्रावधान करता है।
- **उद्देश्य:**
  - **इसका उद्देश्य राज्यों में अग्निशमन सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण करना** है ताकि **NDRF की तैयारियों एवं क्षमता निर्माण** के माध्यम से राज्य स्तर पर अग्निशमन सेवाओं को मज़बूत करने का कार्य सुनिश्चित किया जा सके।
- **योजना के अंतर्गत उपाय:**
  - **नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना।**
  - राज्य प्रशिक्षण केंद्रों का सुदृढ़ीकरण एवं क्षमता निर्माण।
  - आधुनिक अग्निशमन उपकरणों का प्रावधान।
  - राज्य मुख्यालय एवं शहरी अग्निशमन केंद्रों का सुदृढ़ीकरण।
  - तकनीकी उन्नयन और ऑनलाइन प्रणाली की स्थापना एवं संवर्द्धन।
- **वित्त आवंटन:**
  - इस योजना के तहत केंद्र द्वारा निधि आवंटन **पूर्वोत्तर पहाड़ी राज्यों** (जिनके लिये केंद्र:राज्य का अनुपात 90:10 है) को छोड़कर **अन्य राज्यों के साथ 75:25 अनुपात** में लागत साझाकरण के आधार पर किया जाता है।
  - यदि राज्य का योगदान 1387.99 करोड़ रुपए है तो केंद्र द्वारा 5000 करोड़ रुपए का योगदान दिया जाता है।
    - 5000 करोड़ रुपए के कुल केंद्रीय परिव्यय में से 500 करोड़ रुपए कानूनी और बुनियादी ढाँचे-आधारित सुधारों को अपनाने के लिये राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिये उपलब्ध होंगे।

## आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सरकारी पहल:

- **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना।**
- **आपदा मित्र योजना।**
- **कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल बेस्ड इंटीग्रेटेड अलर्ट सिस्टम (सचेत)।**
- **NDRF का स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम (SSP)।**
- **राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम शमन परियोजना (NCRMP)**
- **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और ज़िला स्तरों पर NGO-समन्वय केंद्र।**
- **सामुदायिक आपदा जागरूकता पर NDRF मॉक अभ्यास योजना।**
- **आपदा जोखिमों के प्रबंधन के लिये NDMA दिशा-निर्देश।**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/modernization-of-fire-services-1